PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

**Nai Dunia, New Delhi**
**Thursday 30th January 2014, Page: 7**
**Width: 14.44 cms, Height: 10.87 cms, a4, Ref: pmin.2014-01-30.43.64**

## मप्र में राहत : पुरानी दर पर बेची दवा तो होगी कार्रवाई

# कई दवाओं के दाम हुए आधे

**शशिकांत तिवारी >> भोपाल**

खार, एलर्जी, सांस फूलना, फंगस, क्रमण सहित अन्य बीमारियों से जूझ है लोगों के लिए खुशखबरी है। अब ल्य नियंत्रण में आने के बाद इनसे बंधित सैकड़ों तरह की दवाओं की ीमत लगभग आधी हो गई है। ड्रग ंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया से निर्देश ारी होने के बाद मध्यप्रदेश में भी नई रें लागू हो गई हैं।

गौरतबल है कि केन्द्र सरकार को त्यावश्यक दवाओं की कीमतें तय रने का अधिकार है। अभी तक महज 4 ब्लाड ड्रग को मूल्य नियंत्रण के तहत ाया गया था। सालों से मूल्य नियंत्रण तहत आने वाली दवाओं (कांबिनेशन) को बढ़ाने की मांग की जा रही थी, लेकिन दवा कंपनियों के विरोध के चलते इस पर अमल नहीं हो पा रहा था। अब जाकर केन्द्र सरकार ने 348 तरह के ड्रग की कीमत नियंत्रित कर दी है। इन ड्रग्स से बनने वाली दवाओं की कीमतें पहले से आधी या उससे भी कम हो गई हैं। ड्रग कंट्रोलर ने दवाओं को नई दर पर बेचने के निर्देश दिए हैं।

### इन बीमारियों की दवा सस्ती

दर्द, बुखार, एलर्जी, सांस फूलना, फंगस, एंटी बायोटिक, अमीबियासिस, हार्मोन, पैलिएटिव केयर की जैसे मार्फीन, पार्किन्सन, हार्ट, स्किन, आंख, डायबिटीज, डायग्नोस्टिक एजेंट, अस्थमा, टीबी,गैस्टाइटिस, विटामिन, मिनरल्स आदि।

### ये दवाएं सस्ती



| दवा का नाम | मात्रा | पुराना रेट | नया रेट |
|---|---|---|---|
| टेबलेट सिफेक्सिम,200 एमजी | 10 टेबलेट | 250 | 118 |
| मरहम पोवीडाइन 20 एमजी | एक नग | 51.50 | 34 |
| इंजेक्शन एमाक्सी व क्लैव 1.2 ग्राम | एक नग | 220 | 149 |
| टैबलेट एमाक्सी क्लेव 625 | छह टेबलेट | 275 | 141 |
| टैबलेट, एजिथ्रोमाइसिन 500 | तीन टेबलेट | 98 | 62 |
| टैबलेट, सिट्रीजिन | दस टेबलेट | 30 | 18 |
| टैबलेट एटारवास्टिन 10 | दस टेबलेट | 95 | 65 |
| पेंटाप्रेजोल आईवी 40 एमजी | एक नग | 98 | 60 |
| इंजेक्शन, अमिकासिन 500 | एक नग | 73 | 51 |
| इंजेक्शन सेफटाजिडाइम 1 ग्राम | एक नग | 348 | 240 |
| इंजेक्शन, हाइड्रोकार्टीसोन 100 | एक नग | 44 | 36 |
| इंजेक्शन, डिक्लोफ्लेम 3 एमएल | एक नग | 16 | 4 |
| सीरप, अलबेंडाजोल | एक नग | 25 | 15 |
| टेबलेट, अलबेंडाजोल | एक नग | 25 | 11 |
| फ्लूकनाजोल, | 150 टेबलेट | 35 | 15 |